# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




5 तीनों सेनाओं की महिला टीम ने रचा इतिहास



6 नये भारत का नया अंदाज लिये आंदोलन का समापन



7 1 अगस्त से बदल जाएंगे बड़े नियम



8 प्रवीण-सेल्वा ट्रिपल जंप के फाइनल में

# दतिया में 71 .44% मतदान


## 2023 से 9 प्रतिशत कम हुआ मतदान, कलेक्टर बोले- शांति पूर्ण हुआ मतदान

1 शांतिपूर्ण रहा मतदान, सुरक्षा के कड़े इंतजाम | 2 गुजरात की मांजलपुर 145 सीट पर मतदान | 3 बिहार की बांकीपुर 182 विधानसभा सीट पर मतदान

**ग्वालियर/ दतिया 30 जुलाई. दतिया विधानसभा के लिए हो रहे उपचुनाव में आज शाम 6 बजे तक 71.44 प्रतिशत मतदान हुआ. दोपहर के समय सिरोल और जिगना में कांग्रेस ने फर्जी वोटिंग का आरोप लगाया वहीं कलेक्टर ने बताया कि सब कुछ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ है.**

उप चुनाव के लिए आज सुबह 7 बजे से विधानसभा के 291 पोलिंग बूथों पर वोटिंग शुरु हुई और 1400 से अधिक सशस्त्र जवानों की निगरानी में शाम 6 बजे तक मतदान किया गया। सुबह से दोपहर 1 बजे तक मतदान का प्रतिशत 50 के करीब पहुंच गया लेकिन इसके बाद जिस ढंग से वोट प्रतिशत में कमी आई उसने राजनीतिक दलों की चिंताएं बढ़ा दी हैं. 2023 के चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था लेकिन इस बार 9 प्रतिशत कम वोट पड़े. दिन भर कलेक्टर स्पनील वानखेड़े, पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंजीत सिंह चावला, पोलिंग बूथों पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ व्यवस्थाएं देखते रहे जबकि चम्बल रेंज के डीआईजी सुनील कुमार जैन ने ग्रामीण क्षेत्र के कई पोलिंग बूथों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था देखी.





| 71.44% | 68.48% | 74.09% | 03 |
|---|---|---|---|
| कुल वोट डले दतिया में | महिलाओं ने डाले वोट | पुरुषों ने किया वोट | अगस्त को आएंगे नतीजे |

कलेक्टर ने बताया कि 220410 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसका प्रतिशत 71.44 प्रतिशत रहा। विधानसभा क्षेत्र में कुल 116116 पुरुष मतदाताओं ने मतदान किया जिसका प्रतिशत 74.09 रहा, 104284 महिला मतदाताओं ने मतदान किया जिसका प्रतिशत 68.48 रहा तथा 10 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया जिसका प्रतिशत 40 प्रतिशत रहा। कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह एवं उनकी बेटी माडवीराजे ने सुबह पोलिंग बूथ नं. 185 पर मतदान किया जबकि नरोत्तम मिश्रा एवं उनके पुत्र सुकर्ण ने राजघाट कॉलोनी में पोलिंग बूथ पर वोट डाला. भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने पीताम्बरा माई के दर्शन कर पोलिंग बूथों पर एजेंटों से मुलाकात की. कांग्रेस नेता अवधेश नायक ने भी मताधिकार का प्रयोग किया.

### विधानसभा उपचुनाव :तीन राज्यों में मतदान

**नई दिल्ली।** विधानसभा उपचुनाव के तहत बिहार, गुजरात और मध्य प्रदेश की तीन सीटों पर मतदान हुआ है। मतदान रुझानों के अनुसार सबसे अधिक मतदान मध्य प्रदेश की दतिया (22) विधानसभा सीट पर दर्ज किया गया है, जहां 71 .44प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, गुजरात की मांजलपुर (145) सीट पर 34 .35प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया है, जबकि बिहार की बांकीपुर (182) विधानसभा सीट पर अब तक 33 .57प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के अनुसार मतदान शांतिपूर्ण ढंग से हुआ, और सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इन उपचुनावों के नतीजों पर सभी प्रमुख राजनीतिक दलों और राजनीतिक विश्लेषकों की नजर बनी हुई है।

### विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र (उप-निर्वाचन) चुनाव

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम और संख्या | अनुमानित मतदान रुझान |
|---|---|---|
| बिहार | बाँकीपुर - 182 | 33 .57 प्रतिशत |
| गुजरात | मांजलपुर - 145 | 34 .35 प्रतिशत |
| मध्य प्रदेश | दतिया -22 | 71 .44 प्रतिशत |

**सिरोल जिगना में फर्जी वोटिंग का आरोप**

कांग्रेस ने सिरोल और जिगना में फर्जी वोटिंग की शिकायत की जिसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से बात की. उधर पुलिस पर एक बूथ से कांग्रेस एजेंट को साथ ले जाने का आरोप लगा लेकिन कलेक्टर ने इसे निराधारा बताया.

# 'वंदे मातरम' बिल संसद में पास

## लोक परीक्षा संशोधन बिल 2026 राज्यसभा में पेश

**नई दिल्ली, 30 जुलाई। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के अपमान के लिये दंड का प्रावधान करने से संबंधित राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक 2026 गुरुवार को लोकसभा में पारित होने के बाद इस पर संसद की मुहर लग गयी। इस विधेयक को राज्यसभा ने बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया था।**

तीन बार स्थगन के बाद तीन बजकर तीस मिनट पर सदन की कार्यवाही शुरु होते ही विपक्षी सदस्यों ने फिर से हंगामा करना शुरू किया भारी हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई है। इस दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं पर आरएसएस का कब्जा कर लिया है। इस दौरान उन्होंने मनुस्मृति को लेकर भी बयान दिया, जिस पर सदन में हंगामा शुरू हो गया। सरकार की ओर से उनकी बयान को आशांति फैलाने वाला करारा दिया गया है.

**लोक परीक्षा बिल कानून कठोर बनाने लाया गया**



केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक 2026 विचार एवं पारित कराने के लिए पेश किया. उन्होंने कहा कि यह संशोधन 2024 के कानून को और अधिक कठोर तथा प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लाया गया है.

**खड़गे के मनुस्मृति बयान पर हंगामा हुआ**



मल्लिकार्जुन खड़गे बोले: शिक्षा संस्थानों में मनुस्मृति को मानने वाले बढ़े :शूद्र से पढ़ने का अधिकार छिना. जेपी नड्डा ने टोकते हुए कहा कि खड़गे का बयान तथ्यों से परे है. इससे अशांति फैल सकती है. इसके बाद सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मनुस्मृति वाला बयान रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा.

**लोक परीक्षा संशोधन विधेयक के बारे में मुख्य बिंदु**

- संशोधन विधेयक में विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की व्यवस्था की गई है
- बुधवार को लोकसभा में इस बिल पर लगभग दस घंटे चर्चा हुई थी।
- 5 से 10 वर्ष की कैद और 50 लाख रुपये तक जुर्माना किया गया है।
- 33 वर्षों तक अधूरा पड़ा यह काम पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पूरा किया
- एजेंसी बनाने का सुझाव पहली बार 1992 में कांग्रेस सरकार के समय आया था
- पेपर लीक के मामलों में 'ज़ीरो टॉलरेंस' का संकल्प

**वंदे मातरम' के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी**

- कोई 'वंदे मातरम' का अपमान करता है तो उसे 3 साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं.
- इस मंत्र ने, जिस जय घोष ने देश की आजादी के आंदोलन को ऊर्जा दी, प्रेरणा दी.
- 'वंदे मातरम' को भी राष्ट्रगान 'जन गण मन' की तरह ही कानूनी सुरक्षा देना है.
- मंत्र ने, जिस जय घोष ने देश की आजादी के आंदोलन को ऊर्जा दी.

### दो स्वास्थ्य सप्लीमेंट उत्पादों की बिक्री पर रोक

**नई दिल्ली.** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए भ्रामक दावों, नियमों के उल्लंघन और गलत लेबलिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो स्वास्थ्य सप्लीमेंट उत्पादों' फोलिन्यूरो सिरप' और 'न्यूहर्ब्स ट्रू विटामिन की बिक्री पर रोक लगा दी है. एफएसएसएआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले कई खाद्य कारोबार संचालकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक आदेश, लाइसेंस निलंबन और बिक्री पर रोक जैसी कार्रवाई की गई है.

# दिलीप गावित ने रचा स्वर्णिम इतिहास

## भारत ने दर्ज की ऐतिहासिक 1-2 की जीत

**ग्लासगो, 30 जुलाई महाराष्ट्र के एक छोटे से ग्रामीण इलाके से निकलकर कठिन संघर्ष के दम पर राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक तक पहुंचने वाले दिलीप महादू गावित ने गुरुवार को भारतीय पैरा एथलेटिक्स के इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया।**

पुरुष 100 मीटर टी47 स्पर्धा में 23 वर्षीय गावित ने 10.71 सेकंड का सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नया राष्ट्रमंडल खेल रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। इस



स्पर्धा में भारत के मोहम्मद बासिल ने 10.83 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीतकर भारत को ऐतिहासिक 1-2 की बढ़त दिलाई। इंग्लैंड के केविन सैंटोस को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।यह भारत का ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में तीसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले मीराबाई चानू और पैरा शॉटपुट खिलाड़ी शर्मिला ढांकर भी स्वर्ण जीत चुकी हैं। इन पदकों की बदौलत भारत पदक तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गया है।दिलीप गावित की यह सफलता केवल एक पदक की कहानी नहीं, बल्कि विपरीत परिस्थितियों पर विजय का प्रतीक है। बचपन में समय पर इलाज नहीं मिलने के... ▶ शेष पेज 12 पर

### अंतरिक्ष बजट सकल घरेलू उत्पाद के 0 .05 प्रतिशत से 0 .03 प्रतिशत के बीच

**नयी दिल्ली.** देश में अंतरिक्ष विभाग का बजट पिछले पांच वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद के 0.05 प्रतिशत से 0.03 प्रतिशत के बीच रहा है. विभाग के बजट का ज्यादा हिस्सा प्रक्षेपण यानों, पृथ्वी का अवलोकन करने वाले उपग्रहों ,निदेशन प्रणाली, नयी प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करने वाले उपग्रहों और सुविधाओं के निर्माण पर खर्च होता रहा है. यह जानकारी गुरुवार को प्रधानमंत्री कार्यालय और परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने राज्य सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी.

# भोजशाला से लगी जमीन पर नमाज की अनुमति

संजय बाजपेई

**धार, 30 जुलाई. धार के चर्चित भोजशाला विवाद में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने एक बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा आदेश जारी किया है। मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने भोजशाला परिसर से सटी दरगाह की जमीन पर जुमे की नमाज अदा करने की अनुमति दी है। कोर्ट के इस स्पष्ट रुख से लंबे समय से चले आ रहे नमाज के स्थान को लेकर बने गतिरोध पर विराम लग गया है.**

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के अनुसार, मुस्लिम समुदाय को भोजशाला परिसर के ठीक बगल में स्थित दरगाह की भूमि (खसरा नंबर 596) पर प्रत्येक शुक्रवार दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक नमाज पढ़ने की मंजूरी दी गई है। इससे पहले स्थानीय प्रशासन ने नमाज के लिए विवादित स्थल से लगभग 1.3 किलोमीटर दूर एक वैकल्पिक जगह तय की थी, जिस पर मुस्लिम पक्ष ने असहमति जताई थी। इस असहमति के बाद मामला शीर्ष अदालत पहुंचा, जहां सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को स्पष्ट निर्देश दिया कि राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सभी समुदायों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा करना शासन व प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी.



मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजैफा अहमदी ने अदालत को बताया कि प्रशासन नमाज के लिए विवादित परिसर से लगभग 1.3 किलोमीटर दूर स्थान उपलब्ध करा रहा है, जो व्यावहारिक नहीं है।उन्होंने कहा कि वैकल्पिक स्थान ऐसा होना चाहिए जो परिसर के निकट हो और जहां से मस्जिद दिखाई देती हो.

# पेलेट गन केस में कोर्ट ने दिए अहम निर्देश

## घायल प्रदर्शनकारियों के इलाज पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली, 30 जुलाई. सुप्रीम कोर्ट में जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को हुए प्रदर्शन के दौरान कथित पेलेट गन के इस्तेमाल और प्रदर्शनकारियों के घायल होने से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा हुई.**

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने घायल प्रदर्शनकारियों के इलाज को प्राथमिकता देते हुए केंद्र सरकार को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए. सुनवाई के दौरान



याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने अदालत को बताया कि एक घायल प्रदर्शनकारी को उचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है. इस पर केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, अगर मुझे पहले फोन कर लिया होता तो मैं तुरंत हस्तक्षेप करता. जवाब में वृंदा ग्रोवर ने कहा, मैं आपको बार-बार फोन करके परेशान नहीं करना चाहती थी. अदालत में हुई इस संक्षिप्त बातचीत ने सभी का ध्यान आकर्षित किया. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इसके बाद सॉलिसिटर जनरल से कहा कि घायल याचिकाकर्ता के इलाज के लिए तत्काल आवश्यक कदम सुनिश्चित किए जाएं.

### भारतीय वैज्ञानिकों ने की अहम खोज

**नई दिल्ली.** भारतीय वैज्ञानिकों के एक नए अध्ययन में पता चला है कि सूर्य का ऊपरी वायुमंडल उसकी दृश्यमान सतह की तुलना में कहीं अधिक तेज गति से घूमता है. शोध में यह भी सामने आया कि सूर्य की सतह से ऊंचाई बढ़ने के साथ उसकी घूर्णन गति भी बढ़ती है. यह खोज पारंपरिक भौतिकी की कई स्थापित धारणाओं को चुनौती देती है विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत स्वायत्त संस्थान आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान अनुसंधान संस्थान, उदयपुर सोलर ऑब्जर्वेटरी, फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी के वैज्ञानिकों ने यह अध्ययन किया है.

# बस चालक के घर पर मिली अकूत संपत्ति

**28 .5 करोड़ रुपए नकद**

**15 किलो सोना बरामद**

**कोलकाता, 30 जुलाई. पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में पुलिस ने अब तक की बड़ी आर्थिक बरामदगियों में से एक को अंजाम देते हुए एक पूर्व सरकारी बस चालक के घर से 28.5 करोड़ रुपये नकद और 15 किलोग्राम सोने की ईंटें जब्त की हैं.**



पुलिस के अनुसार बरामद सोने की कीमत करीब 21.3 करोड़ रुपये आंकी गई है. नकदी और सोने को जब्त करने के लिए छह वैन और एक बड़े परिवहन वाहन का इस्तेमाल किया गया. पुलिस ने इस मामले में मोहम्मद मिनार मंडल को गिरफ्तार किया है. वह पहले पश्चिम बंगाल सरकार की बस सेवा में चालक रह चुका है और वर्तमान में स्थानीय कारोबारी के रूप में जाना जाता है. प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को ऐसे संकेत मिले हैं कि बरामद धन और सोना एक संगठित अवैध सिंडिकेट से जुड़ा हो सकता है. हालांकि, इस मामले में जांच अभी जारी है और आरोपों की पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगी. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्रवाई शुरुआत में एक डकैती की जांच के दौरान सामने आए सुरागों के आधार पर की गई. मंगलवार को सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था.

### राम मंदिर ट्रस्ट को मिला नया सचिव, जगदीश आफले का नाम तय

**अयोध्या.** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर प्रशासन में बड़ा बदलाव करते हुए मंदिर निर्माण परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर जगदीश आफले को नए सचिव पद के लिए प्रस्तावित किया है. ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनके नाम पर अंतिम मुहर 2 सितंबर को होने वाली ट्रस्ट की कार्यकारी समिति की बैठक में लगाई जाएगी. यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब राम मंदिर में चढ़ावा गबन मामले की जांच जारी है.

**राजनीति** | भाजपा को शहर, कांग्रेस को ग्रामीण क्षेत्रों से उम्मीद

# घनश्याम को मौन समर्थन से भाजपा बैकफुट पर!


अनिल शर्मा

**ग्वालियर 30 जुलाई. आसमान पर बादल और जमीन पर उमस के बीच जब अपना साया भी साथ नहीं चल रहा था. तब दतिया विधानसभा उपचुनाव में बंपर वोटिंग ने जता दिया कि इस बार राजनीति की नई इबारत लिखने जा रही है.**

2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के डॉ नरोत्तम मिश्रा और कांग्रेस के राजेन्द्र भारती मुकाबला था लेकिन इस उपचुनाव में यह दोनों खबरों में



बाजी मार रहे थे. एक तरफ डॉ नरोत्तम मिश्रा भावुक होने के बाद प्रचार करते रहे तो राजेन्द्र भारती घर से बाहर नही निकले. मतदाताओं ने भी माना कि नेताओं के अपने मन की पीड़ा है जिससे परेशान दिखाई दे रहे है. यही वजह रही कि एक तरफ



भाजपा के आशुतोष तिवारी पर अपनों को मनाने से ज्यादा समझने में वक्त देना पड़ा तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के घनश्याम सिंह को पता था खुद ही मोर्चा संभालना है लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि घनश्याम सिंह की छवि के आगे सब फीके पड़े.

जबकि भाजपा के भीतर कार्यकर्ताओं की खामोशी और डॉ नरोतम मिश्रा के टिकिट कटने का असर आज मतदान के दिन भी दिखा, जबकि शहरी मतदाताओं की चुप्पी कांग्रेस को संजीवनी दे रही है. यही कारण है कि इस चुप्पी को घनश्याम सिंह को मौन समर्थन कहा जा रहा है और इसने भाजपा को बैकफुट पर खड़ा कर दिया है.

### कर्नाटक में जल्द होगा कैबिनेट विस्तार, 20 मंत्री बनेंगे

**नई दिल्ली.** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं. मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन में पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मुलाकात कर कैबिनेट विस्तार को लेकर विस्तार से चर्चा की. बैठक के बाद शिवकुमार ने संकेत दिए कि अधिकांश प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और 3 अगस्त तक मंत्रिमंडल विस्तार की घोषणा की जा सकती है. सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार जल्द ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से भी मुलाकात कर संभावित मंत्रियों की सूची पर अंतिम चर्चा करेंगे.

# पश्चिम एशिया संकट पर पीएम मोदी ने की चर्चा

## सुरक्षा, ऊर्जा और उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली 30 जुलाई. पश्चिम एशिया की स्थिति के तनावपूर्ण और अशांत बने रहने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वहां चल रहे संघर्ष से उत्पन्न स्थिति तथा विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की ओर से उठाये गये उपायों की समीक्षा के लिए सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की और भारत के हितों की रक्षा के उपाय करने के निर्देश दिये.**

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर सुरक्षा समिति की यह चौथी



विशेष बैठक थी और इसमें कैबिनेट सचिव ने मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बारे में जानकारी दी. उन्होंने एलएनजी/एलपीजी तथा उर्वरकों सहित पेट्रोलियम उत्पादों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किये गये उपायों की जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि एलपीजी की खरीद के स्रोतों में पहले ही विविधता लायी जा चुकी है और प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों का समग्र भंडार एवं आपूर्ति की स्थिति पर्याप्त बनी हुई है. कच्चे तेल की पर्याप्त उपलब्धता के कारण केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की रिफाइनरियाँ 100 प्रतिशत से अधिक उपयोग स्तर पर संचालित हो रही हैं, जिससे पेट्रोल, डीज़ल तथा अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन निरंतर जारी है.